आकाशवाणी शिमला
10.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

नामांकन

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व 6 विधानसभा सीटों पर उप–चुनाव के लिए नामांकंन प्रक्रिया जारी है। उम्मीदवार 14 मई तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं और अगले दिन 15 मई को इनकी जांच होगी। इच्छुक प्रत्याशी 17 मई तक अपने नामांकन वापिस ले सकेंगे। नामांकन भरने के आज चौथे दिन प्रदेश में कई उम्मीदवारों ने अपने पर्चे दाखिल किए। इनमें कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजप के राजीव भारद्वाज, हमीरपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा, सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा, इसी सीट पर कांग्रेस के रणजीत सिंह और बड़सर से भाजपा उम्मीदवार इंद्रदत्त लखनपाल शामिल हैं।

अनुराग–जयराम

कांगड़ा संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार राजीव भारद्वाज के नामांकन के समय पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और पूर्व केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा भी मौजूद रहे। सुजानपुर में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के साथ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे। जबकि बड़सर में आई.डी लखनपाल के नामांकन के समय केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे। नामांकन के बाद सुजानपुर में भाजपा की एक रैली को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि भाजपा लोकसभा की चारों सीटों के अलावा विधानसभा उपचुनावों में भी सभी 6 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में केन्द्र की मोदी सरकार ने देश के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास कार्य किये हैं और भाजपा की नीतियों से जनता खुश हैं। अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल आज पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं और हिन्दुओं को अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने सेना को सशक्त बनाया है और आज दुनिया में भारत की ताकत का डंका बज रहा है। अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि भाजपा प्रचण्ड बहुमत से एक बार फिर सत्ता में आएगी और नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। रैली को सम्बोधित करते हुए विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर जन प्रतिनिधियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की तानाशाही के कारण हमीरपुर जिले के तीन विधायकों ने कांग्रेस पार्टी छोड़ी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि बजट सत्र में सरकार बचाने के लिए भाजपा के 15 विधायकों को निष्कासित किया गया लेकिन अब ये सरकार कुछ दिनों की मेहमान है। विपक्ष के नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ बोलकर सत्ता में आई है और विधानसभा चुनाव के दौरान लोगों के साथ किए गए वायदों को पूरी तरह भूल चुकी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल विकास को समर्पित रहा है और इस दौरान कई एतिहासिक निर्णय लिए गए हैं।

सुक्खू

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोकसभा चुनाव व विधानसभ उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा किया। हमीरपुर में आज पार्टी की एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार पर हमीरपुर जिले की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जयराम सरकार ने हमीरपुर जिले को मंत्रिमण्डल में कोई स्थान नहीं दिया और 5 वर्षों में जिले में विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया गया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में जनहित में कई निर्णय लिए हैं और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार भ्रष्टाचार

से कोई समझौता नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमीरपुर जिले में कई विकास कार्य शुरू किए हैं और जिले में विकास की गति बढ़ाई गई है। प्रदेश पार्टी प्रभारी राजीव शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इस मौके मौजूद रहे।

विक्रमादित्य सिंह

मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने आज किन्नौर जिले के अनेक स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन के विकास के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे और नौतोड़ की बहाली व वन अधिकार उनकी प्राथमिकता रहेगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि किन्नौर जिले के साथ पारिवारिक रिश्ता है जबकि भाजपा प्रत्याशी के पास न कोई सोच है और न ही कोई विज़न। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों की पुरानी पैंशन योजना बहाल की है और महिलाओं को 15 सौ रूपए प्रति महीना देने की गारंटी को पूरा किया है। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि वे मण्डी क्षेत्र के विकास के विज़न को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं और लोगों का उन्हें भारी समर्थन मिल रहा है। जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने भी रैली को सम्बोधित किया।